# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

15/06/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik lok Maitra, Prayagraj, (UP)**

# आर ए एफ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**फाफामऊ।** 101 आर०ए०एफ० कैम्प परिसर मे विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के कार्मिकों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया।उक्त अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम ने स्वयं रक्तदान कर जवानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्त दान किसी के जीवन के लिए वरदान हो सकता है, उन्होंने रक्तदान को महादान की संज्ञा दी। साथ ही जवानों को इस तथ्य से भी अवगत कराया कि रक्तदान से कोई शारीरिक नुकसान नहीं होता है। जैसा कि विदित है कि 101 आर०ए०एफ० हमेशा अपनी ड्यूटियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर अपना योगदान देती रही है तथा समय-समय पर समाज के हित के लिए विभिन्न जन-कल्याणकारी व समाजपयोगी कार्यों में भी अपनी सक्रिय भूमिका अदा करती रही है।इस






अवसर पर वाहिनी के सभी वरिष्ठ अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण, महिला कार्मिक एवं जवान उपस्थित रहें।

Swatantra Chetna, Prayagraj, (UP)

# आरएएफ रक्तदान शिविर में कमाण्डेन्ट व जवानों ने किया रक्तदान




प्रयागराज। 101 आर०ए०एफ० कैम्प परिसर मे विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे वाहिनी के कार्मिको ने बड़ी संख्या मे रक्तदान किया।

उक्त अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम ने स्वयं रक्तदान कर जवानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के जीवन के लिए वरदान हो सकता है. उन्होंने रक्तदान को महादान की संज्ञा दी। साथ ही जवानों को इस तथ्य से भी अवगत कराया कि रक्तदान से कोई शारीरिक नुकसान नहीं होता है। जैसा कि विदित है कि 101 आर०ए०एफ० हमेशा अपनी ड्यूटियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर अपना योगदान देती रही है तथा समय-समय पर समाज के हित के लिए विभिन्न जन-कल्याणकारी व समाजउपयोगी कार्यों में भी अपनी सक्रिय भूमिका अदा करती रही है।

इस अवसर पर वाहिनी के सभी वरिष्ठ अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण, महिला कार्मिक एवं जवान उपस्थित रहे।

Ahmedabad patrika, Ahmedabad , (GUJ)

# वस्त्राल : आरएएफ का रक्तदान शिविर



**अहमदाबाद @ पत्रिका.** शहर के वस्त्राल स्थित 100 वीं वाहिनी रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की ओर से सिविल अस्पताल के रक्त बैंक के सहयोग से वाहिनी स्थित अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वाहिनी कमाण्डेन्ट गोविन्द प्रसाद उनियाल के मार्गदर्शन एवं उप कमाण्डेन्ट हरि शंकर मौर्या के नेतृत्व में अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं बल के जवानों ने रक्तदान किया, जिसमें द्रुत कार्य बल के 31 जवान, सीआईएसएफ के 8 एवं द्रुत कार्य बल के कैम्प परिसर में आवासित परिवार के 2 सदस्यों ने रक्तदान शिविर में योगदान दिया। सिविल अस्पताल-अहमदाबाद के मुख्य ब्लड बैंक की डॉक्टर एवं उनकी टीम उपस्थित थे। आर.ए.एफ. जवानों व महिलाओं ने इस रक्तदान शिविर में उत्साह से हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर के आयोजन में परिवार कल्याण केन्द्र 100 वी वाहिनी, समस्त अस्पताल स्टॉफ तथा आरएएफ के जवानों का अहम योगदान रहा।

Danik Bhaskar, Rohtak, (Haryana)

# एसपी हिमांशु गर्ग से मिले रैपिड एक्शन फोर्स के अफसर



**रोहतक** | मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स के अफसर एसपी हिमांशु गर्ग से मिले। उन्होंने रोहतक शहर के विभिन्न स्थानों के बारे में जानकारी दिलाने के लिए कहा। इससे फोर्स की जरूरत पड़ने पर तत्काल फोर्स को मौके पर भेजकर कानून व्यवस्था को बनाए रखने में रैपिड एक्शन फोर्स के जवान अहम भूमिका निभा सकें। इस दौरान राजीव कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट रविंद्र पुनिया, निरीक्षक राजबीर सिंह, निरीक्षक राकेश, निरीक्षक कुलदीप, निरीक्षक अजय कुमार राय व महिला टीम कमांडर निरीक्षक मीतू कुमारी के साथ अन्य अफसर मौजूद रहे। इस दौरान एसपी ने थानेदारों को रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को शहर की स्थिति के बारे में अवगत कराने का कहा। एसपी ने बताया कि पहले चरण में सिविल लाइन और आर्य नगर थाना क्षेत्र में पैदल गश्त करने के साथ ही वहां की स्थिति के बारे में निरीक्षण किया जाएगा।

My City, Rohtak, (Haryana)

# भयमुक्त समाज के लिए निकाला मार्च

माई सिटी रिपोर्टर



किला रोड पर फ्लैग मार्च निकलते आरएएफ और पुलिस के जवान। संवाद

रोहतक। रैपिड एक्शन फोर्स ने बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। लोगों को भयमुक्त करने, वर्दी के प्रति विश्वास जगाने, जनता का मनोबल बढ़ाने, महिला सशक्तिकरण, भाईचारे व अमन-चैन बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। टीम ने शहर थाना के विभिन्न स्थानों की जानकारी भी जुटाई। साथ ही शहर थाना इलाके में शांति कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की।

गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट 194 बटालियन राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार, रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक राकेश, निरीक्षक कुलदीप, निरीक्षक अजय कुमार राय व महिला टीम कमांडर निरीक्षक मीतू कुमारी के साथ फ्लैग मार्च में शामिल हुई। शहर थाना पुलिस प्रभारी शमशेर सिंह, पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह व पुलिस टीम भी इसमें साथ रही।

सहायक कमांडेंट ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र की जनता को भयमुक्त करने के साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, उनका मनोबल बढ़ाने एवं क्षेत्र में नागरिकों को अपने कर्तव्यों को निर्वाह करने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में 15 जून को थाना अर्बन स्टेट इलाका, 16 जून को थाना सांपला, 17 जून को आईएमटी, 18 जून को थाना महम इलाके में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।